PG-IV

(6) Ch. Democracy

PAGE
DATE 29/4/20

लोकतंत्र के प्रकार - Types :-

लोकतंत्र जीवन का एक तरीका है, यह विभिन्न विचारधाराओं का एक सर्वमान्य रूप है। लोकतंत्र को शासन के अतिरिक्त निम्नलिखित विभिन्न रूपों में प्रस्तुत किया जा सकता है:-

1. प्रतिनिधि लोकतंत्र
2. सहभागिता पूर्ण "
3. मंत्रणात्मक "
4. सामाजिक "
5. सार्वभौम "

(1) प्रतिनिधि लोकतंत्र :- लोकतंत्र में बहुत बड़े और जटिल समाजों में संभव नहीं होता क्योंकि सभी नागरिक निर्णय प्रक्रिया में सीधी भागीदारी नहीं कर पाते, इसलिए अपने मनोरथों एवं आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए वे अपने मनोरथों एवं आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अपने प्रतिनिधि चुनते हैं। हॉब्स एवं लॉक के लिए प्रतिनिधि सरकार एक ऐसी सरकार है जो लोगों द्वारा उनकी ओर से कार्य करने के लिए अधिकृत होती है। रूसो की दृष्टि में प्रतिनिधियों के मत तथा हित कभी भी अपने लोगों से अलग नहीं हो सकते, इसलिए राज्य पर संपूर्ण सत्ता नागरिकों एवं उनकी आम इच्छा के हाथों में होना चाहिए। वर्तमान में लोकतंत्र प्रेरणा के क्रियान्वयन का सबसे अच्छा उपाय बहुमत सिद्धांत पर आधारित

Scanned with CamScan

प्रतिनिधि सरकार है। किंतु प्रतिनिधि लोकतंत्र की आलोचना भी कुछ विचारकों ने की है। शुम्पीटर एवं संभ्रांत सिद्धांतवादी :- इस दृष्टिकोण के मानने वाले प्रतिनिधि सरकार को अयथार्थवादी मानते हैं। लोकतंत्र में संप्रभुता उन लोगों के हाथों में होती है जो व्यक्तियों को एक ऐसी सभा हेतु चुनते हैं, जहां उनके मनोरथ पूर्ण किए जा सकते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य इस दृष्टिकोण के मानने वाले लोकतंत्र को अपर्याप्त मानते हैं। वास्तव में प्रतिनिधि लोकतंत्र का मुख्य उद्देश्य प्रत्याशियों के विशाल समूह में कुछ नेताओं को चुनना है, जो कि व्यक्तियों के वोटों के लिए संघर्ष करते हैं। लोग केवल किसी नेता विशेष को अपना समर्थन मात्र देते हैं। वास्तव में नेतृत्व ही मुख्य परिचालक बल है। यही लोकतंत्र का यथार्थवादी सिद्धांत है।

(4) सहभागितापूर्ण - लोकतंत्र :- रूसो का सिद्धांत नागरिकों के बीच परस्पर निर्भरता पर आधारित है। इनके अनुसार कोई भी राजनैतिक निर्णय नागरिकों को भागीदारी नागरिकों के हितों का रक्षा करने तथा अच्छी सरकार बनाने के साधन के रूप में महत्वपूर्ण है। प्रत्यक्ष सहभागितापूर्ण लोकतंत्र विशाल जन-समाज में संभव नहीं है, फिर भी कैरोल पेटमैन और बेंजामिन - बारबार सहभागितापूर्ण लोकतंत्र का समर्थन करते हैं। इससे

Scanned with CamScanner

स्थानीय लोकतंत्र को मजबूत किया जा सकता है। नागरिकों को सामुदायिक कार्यों एवं गतिविधियों में सक्रिय तथा राजनैतिक रूप में बाध्यनबद्ध बनने के लिए नागरिक शिक्षा प्रदान की जानी चाहिए जिससे जनाधिकारी सत्ता को दुरुपयोग न कर सके।

(3.) मंत्रणात्मक लोकतंत्र :— यह लोकतंत्र लोगों को स्वतंत्र व्यक्तियों के रूप में देखता है, किंतु इनके बीच सामाजिक संबंधों को नजर अंदाज करता है। यह सार्वजनिक महत्व के मसलों पर सार्वजनिक विचार-विमर्श पर बल देता है। यह लोगों में सामाजिक संबंध के स्थान पर यह मानता है कि वे स्पष्ट तर्क एवं विश्वास के द्वारा एक-दूसरे को प्रभावित करते हैं। यह स्व-शासन के लिए लोगों की क्षमता को महत्व देता है यह नागरिकों तथा राजनीतिज्ञों के मध्य श्रम के राजनैतिक विभाजन को मान्यता देता है। मंत्रणात्मक लोकतंत्र राजनीतिक सत्ता को सर्वोत्तम आधार दृढ़ करने के विश्वास को मानता है।

(4) सामाजिक-लोकतंत्र :— सामाजिक लोकतंत्र उदारवाद की तुलना में अधिक समतावादी है यद्यपि मार्क्सवादी लोकतंत्र की अपेक्षा कम क्रांतिकारी। यह समानता के प्रति दृढ़ प्रतिज्ञा पर आधारित हुआ है। सामा० लोकतंत्र, प्रतिनिधि लोकतंत्र

को उदारवादी संस्थाओं में विश्वास करने के साथ इन्हें सामाजिक न्याय के साथ जोड़ने की भी आकांक्षा है। वस्तुतः यह लोकतंत्र और समाजवाद के बीच की व्यवस्था है। यह मूल रूप से समानता हेतु परिस्थितियाँ पैदा करना चाहता है जिससे सभी नागरिक अपने-अपने अधिकारों का उपयोग समान रूप से कर सकें। यदि लोग दरिद्रता, अल्पसंख्यकता किसी भी कारण से अपने निजी योजनाओं को पूर्ण कर पाने में सक्षम नहीं है, तो इन बाधाओं को दूर करना भी राज्य का कर्तव्य है। सामा० लोकतंत्र महिलाओं, वृद्धों, अल्पसंख्यक सांस्कृतिक वर्गों के कल्याण हेतु वातावरण पैदा करता है।

7) सार्वभौम - लोकतंत्र :- आर्थिक और सांस्कृतिक भूमण्डलीकरण के विकास के साथ लोकतंत्र का क्षेत्र भी विस्तृत हो गया। सार्वभौम लोकतंत्र राजनीतिक सिद्धांतवादियों द्वारा भूमण्डलीकरण के कारण विकसित हुआ है। यह उस भूमण्डलीकरण सभ्य समाज की ओर इंगित करता है जो नीचे से भूमण्डलीकरण की घटना द्वारा रचित हो रहा है। इसके दो उदाहरण है - नारी आंदोलन तथा पर्यावरण आंदोलन। दूरसंचार और इंटरनेट ने संसार को जोड़ दिया है। विश्व व्यापार संगठन के अधिकांश सदस्य विकासशील देश है।

Stop

Scanned with CamScanner